उत्तर प्रदेश सरकार

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड

19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधान सभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

सूचना/विज्ञप्ति

उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स के पदों पर एनरोलमेंट–2025

(लिखित परीक्षा के प्रवेश पत्र डाउनलोड किये जाने हेतु महत्वपूर्ण सूचना)

संख्याः–पीआरपीबी–बी(होमगार्ड संवर्ग)–02/2025 दिनांक– अप्रैल 21 ,2026

उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स के पदों पर एनरोलमेंट–2025 की लिखित परीक्षा दिनांक 25–04–2026, 26–04–2026 एवं 27–04–2026 को प्रत्येक दिवस की पालियों में आयोजित की जायेगी।

2– उपरोक्त सम्बन्ध में अभ्यर्थी कृपया ध्यान दें कि उनकी लिखित परीक्षा का प्रवेश पत्र बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in पर निम्नवत तिथियों पर उपलोड किया जायेगाः–

क्र0सं0	परीक्षा का दिवस	प्रवेश पत्र जारी होने का दिनांक
1	25–04–2026	22–04–2026
2	26–04–2026	23–04–2026
3	27–04–2026	24–04–2026

3– अभ्यर्थियों की सुलभता हेतु समसंख्यक विज्ञप्ति दिनांकित 18–04–2026 द्वारा लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों के परीक्षा के जनपद के आवंटन की अग्रिम सूचना पर्ची डाउनलोड किये जाने हेतु लिंक बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड किया जा चुका है, जिसमें आवंटित जनपद के साथ–साथ परीक्षा की तिथि भी अंकित है।

4– उक्त के क्रम में अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि निर्धारित परीक्षा दिवस के सापेक्ष प्रवेश पत्र जारी होने की नियत तिथि से पूर्व किसी भी अन्य परीक्षा तिथियों के प्रवेश पत्र अपलोड नहीं किये जायेगें।

5– अतः अभ्यर्थियों से अपेक्षा है कि वह अपने परीक्षा तिथि के आधार पर प्रवेश पत्र जारी होने की अंकित तिथि को ही अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की कार्यवाही करें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो।

6– यह सूचना अभ्यर्थियों के सूचनार्थ प्रकाशित की जा रही है। अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे नवीनतम अपडेट व अग्रेतर महत्वपूर्ण निर्देशों हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in का अवलोकन करते रहें। यह भी सूचित किया जाता है कि अभ्यर्थियों के परीक्षा सम्बन्धी समस्त सूचना/निर्देश बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से ही प्रदत्त की जायेगी।

(सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज)
अपर सचिव (भर्ती)/परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।